# प्रेरणा प्लस

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए अधिगम संवृद्धि कार्यक्रम

(Learning Enhancement Programme for Primary Classes)

हिमाचल प्रदेश सरकार की एक नई पहल

2017-18

सत्यमेव जयते
हिमाचल प्रदेश सरकार

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें








Pratham

# गणित के शाब्दिक सवाल

**1** L-1

मेरे पास 15 रुपये हैं। मैंने 13 रुपये रोहित से ले लिए। बताएँ, अब मेरे पास कितने रुपये हो गए?

**3** L-1

अजमल के पास 28 रुपये थे। उसने 13 रुपये सीमा को दे दिए। बताएँ, अब अजमल के पास कितने रुपये बचे?

**5** L-1

इरफ़ान ने एक पेंसिल 3 रुपये की ख़रीदी। यदि इरफ़ान को 5 पेंसिलें खरीदनी हों तो इरफ़ान को कितने रुपये की ज़रूरत होगी?

**7** L-1

माँ के पास 12 गुब्बारे हैं। वह उन गुब्बारों को अपने तीन बच्चों को बराबर-बराबर देना चाहती हैं। बताएँ, प्रत्येक बच्चे को कितने गुब्बारे मिलेंगे?

**9** L-1

रमा के पास 25 किताबें हैं। अम्बर के पास रमा से 12 किताबें अधिक हैं। बताएँ, दोनों के पास कुल कितनी किताबें है?

**11** L-1

आप एक नदी के पास हैं। आपके पास 5 लीटर और 3 लीटर नापने का डिब्बा है। आप 1 लीटर पानी कैसे माप सकते हैं?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**6** L-1

अकबर के पास 27 और मोहिनी के पास 11 क़लम है। बताएँ, दोनों के पास मिलाकर कितनी क़लम हैं?

**4** L-1

अर्शी के पास 38 और शिफ़ाली के पास 25 गोटियाँ हैं। बताएँ, अर्शी के पास शिफ़ाली से कितनी गोटियाँ अधिक हैं?

**2** L-1

एक गिलास की क़ीमत 8 रुपये है। यदि मोना को 6 गिलास खरीदने हों तो मोना को कितने रुपये की ज़रूरत होगी?

**12** L-1

दादा के पास 8 लड्डू हैं। वे इन लड्डूओं को अपने दो पोतों में बराबर-बराबर बाँटना चाहते हैं। बताएँ, प्रत्येक को कितने लड्डू मिलेंगे?

**10** L-1

एक कमरे में 2 बिल्लियाँ और एक कुत्ता हैं। बताएँ, उस कमरे में कुल मिलाकर कितने पैर होंगे?

**8** L-1

समीर ने आधी रोटी खाई और सुमन ने एक रोटी खाई। बताएँ, दोनों ने मिलाकर कुल कितनी रोटियाँ खाईं?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**13** L-1

एक पेड़ पर 32 चिड़ियाँ बैठीं थी। कुछ देर बाद उसी पेड़ पर 6 चिड़ियाँ और आ गईं। बताएँ, अब उस पेड़ पर कितनी चिड़ियाँ हैं?

**15** L-1

आपके पास 29 गुब्बारे और आपके दोस्त के पास 16 गुब्बारे है। बताएँ, आपके पास आपके दोस्त से कितने गुब्बारे अधिक हैं?

**17** L-1

एक मक्खी की 6 टाँगें होती हैं। बताएँ, 8 मक्खियों की कुल मिलाकर कितनी टाँगें होंगी?

**19** L-1

एक थैले में 6 गेंदें हैं। उनको 2 बच्चों में बराबर बराबर बाँटना है। बताएँ, हर एक बच्चे को कितनी गेंदें मिलेंगी?

**21** L-1

रवि के पास रीना से 15 कंचे अधिक हैं। यदि रीना के पास 9 कंचे है, तो बताएँ कि रवि के पास कितने कंचे हैं?

**23** L-1

एक पेड़ पर 30 कबूतर हैं। कबूतरों को उड़ कर दूर जाना है, लेकिन वे जोड़ा बनाकर नहीं उड़ सकते हैं। बताएँ, आप कबूतरों को 4 बार में कैसे उड़ाएँगे?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**18** L-1

राहुल ने अपने बाग़ से शालू को 16 आम और 28 अमरूद लाकर दिए। बताएँ, शालू के पास कितने फल हो गए?

**16** L-1

आपके पास 48 बिस्कुट थे। आपने 23 बिस्कुट खा लिए। अब बताएँ कि आपके पास कितने बिस्कुट बचे?

**14** L-1

एक कमरे में 4 बिल्लियाँ हैं। बताएँ कि सबको मिलकर उस कमरे में कितने पैर होंगे?

**24** L-1

रिहान के पास कहानी की 12 किताबें हैं। वह उन किताबों को अपने 3 साथियों में बाँटना चाहता है। बताएँ, वह हर दोस्त को कितनी किताबें दे पाएगा?

**22** L-1

मेरे पास 8 रुपये थे। मेरी माँ ने मुझे 12 रुपये दिए और मुझसे 5 रुपये ले लिए। बताएँ, अब मेरे पास कितने रुपये बचे?

**20** L-1

सीमा ने एक दुकान से दो मीटर कपड़ा और फ़रहाना ने डेढ़ मीटर कपड़ा ख़रीदा। बताएँ, दोनों ने मिलाकर कितने मीटर कपड़े ख़रीदे?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**25** L-1

मेरे भाई की उम्र मेरी उम्र से 8 वर्ष अधिक है। यदि मेरी उम्र 22 साल है तो मेरे भाई की उम्र क्या होगी?

**27** L-1

रवि ने 7 क्रिकेट मैच खेले हैं। उसे 22 मैच खेलना है। बताएँ, रवि को अभी और कितने मैच खेलने होंगे?

**29** L-1

दूसरी कक्षा में छात्राओं की संख्या तीसरी कक्षा की छात्राओं की संख्या से 2 गुनी है। यदि तीसरी कक्षा में 6 छात्राएँ हैं तो बताएँ कि दूसरी कक्षा में कितनी छात्राएँ होंगी?

**31** L-1

एक कक्षा में 16 बच्चे हैं। सभी बच्चों को चार बराबर-बराबर समूहों में बाँटना है। बताएँ, प्रत्येक समूह में कितने बच्चे होंगे?

**33** L-1

मीरा के पास, पूजा के कंचों के 2 गुने अधिक कंचे हैं। यदि मीरा के पास 17 कंचे हो तो बताएँ पूजा के पास कितने कंचे होंगे?

**35** L-1

यदि एक 10 मीटर रस्सी को एक बार काटने पर दो टुकड़े मिलते हैं तो बताएँ, ऐसे ही 10 टुकड़े करने के लिए रस्सी को कितनी बार काटना पड़ेगा?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**30** L-1

जेनेलिया के पास 46 रुपये थे। उसने 18 रुपये दादाजी से और ले लिए। बताएँ, अब जेनेलिया के पास कितने रुपये हो गए?

**28** L-1

एक छज्जे पर 35 कबूतर बैठे थे। 17 कबूतर उड़ गए। बताएँ, अब उस छज्जे पर कितने कबूतर बचे?

**26** L-1

सरला के पास 16 रुपये हैं। सरला से दो गुने रुपये मीना के पास हैं। बताएँ, मीना के पास कितने रुपये हैं?

**36** L-1

हरमन ने चार किलो आलू 60 रुपये में ख़रीदे। यदि हरमन को एक किलो आलू ख़रीदने होते तो उसे दुकानदार को कितने रुपये देने होंगे?

**34** L-1

बाहुबली ने कटप्पा को 22 रुपये दिए, लेकिन कटप्पा ने उसको 2 रुपये वापस दे दिए। अब कटप्पा के पास 35 रुपये हैं। बताएँ, कटप्पा के पास पहले से कितने रुपये थे?

**32** L-1

डेजी ने आधा किलो आलू और ढाई किलो बैंगन ख़रीदे। बताएँ, डेजी ने कितने किलो सब्ज़ी ख़रीदी?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**37** L-1

एक मैच में रवि ने 23 रन और अतुल ने 38 रन बनाए। बताएँ, दोनों ने मिलकर कितने रन बनाए?

**39** L-1

मैदान में खड़े व्यक्तियों की संख्या 70 है। यदि मैदान में से 11 व्यक्तियों को बाहर भेज दें तो बताएँ, मैदान में मौजूद व्यक्तियों की संख्या कितनी रह जाएगी?

**41** L-1

एक पुस्तक का मूल्य 35 रुपये है। यदि रोहित ने ऐसी ही 5 पुस्तकें खरीदी तो बताएँ कि उसने दूकानदार को कितने रुपये दिए?

**43** L-1

विद्यालय में फुटगेंदें के मैच में दर्शकों की संख्या 45 है। यदि एक पंक्ति में 15 दर्शक बैठ सकते हैं तो दर्शकों की कितनी पंक्तियाँ होंगी?

**45** L-1

मैदान की सफ़ाई के लिए 23 पुरुष व 16 महिलाएँ लगाए गए। यदि प्रत्येक को 100 रुपये दिए जाते हैं तो बताएँ, मैदान की सफ़ाई में कितने रुपये खर्च़ होंगें?

**47** L-1

एक हवाई जहाज़ स्थान 'ए' से 'बी' जाने के लिए 1 घंटा 20 मिनट का समय लेता है। जबकि वापस आने के लिए 80 मिनट का समय लेता है। इस विषय में आप क्या तर्क देना चाहेंगे?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**42** L-1

एक पेड़ पर 18 पक्षी बैठे हुए थे। थोड़ी देर बाद उसी पेड़ पर 38 पक्षी और आ गए। बताएँ, अब उस पेड़ पर कितने पक्षी हो गए?

**40** L-1

चतरलाल के बाग़ में 35 सेब के पेड़ थे। आँधी में 18 पेड़ टूट गए। अब चतरलाल के बाग़ में कितने पेड़ बचे हैं?

**38** L-1

एक वर्गाकार खेत की 4 मेढ़ों पर शीशम के पेड़ लगाए गए। एक मेढ़ पर 12 शीशम के पेड़ लगे हैं। बताएँ, सभी मेढ़ों पर कितने पेड़ लगे होंगे?

**48** L-1

यदि 5 गिलास का मूल्य 65 रुपये है तो बताएँ कि एक गिलास ख़रीदने के लिए कितने रुपये की ज़रुरत होंगी?

**46** L-1

मेरे पास 48 रुपये हैं। किरन के पास मुझसे 19 रुपये कम हैं। बताएँ, हम दोनों के पास कितने रुपये हैं?

**44** L-1

चन्द्रिका ने डेढ़ गिलास व हामिद ने दो गिलास दूध पिया। बताएँ, किसने अधिक दूध पिया और कितना?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**49** L-1

मेरे पास 33 रुपये हैं और शबीना के पास मुझसे 34 रुपये अधिक हैं। बताएँ, शबीना के पास कितने रुपये हैं?

**51** L-1

एक किलो आलू की क़ीमत 20 रुपये और एक किलो खीरे की क़ीमत आलू की क़ीमत से 9 रुपये कम है। बताएँ, खीरे की क़ीमत कितनी है?

**53** L-1

एक बल्ब की क़ीमत 15 रु है तो बताएँ ऐसे ही 12 बल्ब की क़ीमत क्या होगी?

**55** L-1

5 दर्जन केले का मूल्य 200 रुपया है। बताएँ, एक दर्जन केले का मूल्य कितना होगा?

**57** L-1

8 किलोग्राम अरहर की दाल की क़ीमत 960 रुपये है। बताएँ, एक किलोग्राम अरहर की दाल की क़ीमत कितनी

**59** L-1

100 रुपये के खुल्ले करें। उसमें 10 रुपये का नोट ना हो और नोट सिर्फ़ 10 होना चाहिए। कैसे करेंगे, बताएँ?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**54** L-1

मोनी ने 14 रुपये की नमकीन और 22 रुपये की दाल ख़रीदी। बताएँ, मोनी ने दुकानदार को कितने रुपये दिए?

**52** L-1

रहीम ने अपने छोटे भाई को 22 रुपये दिए। अब रहीम के पास सिर्फ़ 58 रुपये हैं। बताएँ, छोटे भाई को देने से पहले रहीम के पास कितने रुपये थे?

**50** L-1

यदि एक मीटर कपडे का मूल्य 53 रुपये है तो बताएँ कि ऐसे ही 14 मीटर कपड़े का मूल्य कितने रुपये होंगे?

**60** L-1

अकीरा ने 5 किलो गाजर 95 रुपये में ख़रीदी। बताएँ, एक किलो गाजर कितने रुपये की होगी?

**58** L-1

मेरे पास 48 रु हैं। किरन के पास मुझसे 25 रु अधिक हैं। यदि किरन ने 15 रु पकौड़े खाने में ख़र्च किए तो बताएँ कि अब किरन के पास कितने रुपये हैं?

**56** L-1

आज महिमा ढाई किलोमीटर और शैली साड़े पाँच किलोमीटर दौड़ी। बताएँ कौन कितना अधिक किलोमीटर तक दौड़ा?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**61** L-1

रमाकान्त की उम्र रंजीता की उम्र से 9 वर्ष कम है। यदि रमाकान्त की उम्र 28 वर्ष है। तो बताएँ रंजीता की उम्र कितने वर्ष होगी?

**63** L-1

एक टोकरी में 76 अनार हैं। 59 अनार को माँ ने बच्चों में बाँट दिया। बताएँ, टोकरी में कितने अनार बचे?

**65** L-1

मीना की उम्र रमन की उम्र से 4 गुना अधिक है। अगर रमन की उम्र 14 वर्ष है तो मीना की उम्र कितनी होगी?

**67** L-1

शाहिद के पिता ने 60 टाफ़ियाँ ख़रीदी और उसे 15 बच्चों में बराबर-बराबर बाँट दिया तो बताएँ सभी बच्चों को कितनी-कितनी टाफ़ियाँ मिली?

**69** L-1

8 मज़दूर किसी काम को 12 दिन में पूरा करते हैं। यदि सभी मज़दूरों की कार्य करने की क्षमता समान हो तो बताएँ 4 मज़दूर उसी काम को कितने में पूरा करेंगे?

**71** L-1

अपने मन में कोई संख्या सोचिए। अब सोची गई संख्या को दोगुना कर दीजिए। परिणाम में 10 जोड़कर 2 से भाग कर दीजिए। अब जो भी परिणाम आए, उसमें से सोची गई संख्या को घटा दीजिए। अब परिणाम में आपको 5 मिलेगा। बताएँ, ऐसा क्यों होता है?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**66** L-1

पुष्पा के पास 37 कंचे काले और 26 कंचे सफ़ेद हैं। बताएँ पुष्पा के पास कुल कंचों की संख्या कितनी है?

**64** L-1

मेरे दोस्त के पास मुझसे 59 रुपये कम हैं। यदि मेरे पास 95 रुपये है, तो मेरे दोस्त के पास कितने रुपये होंगे?

**62** L-1

आपके पास जितनी किताबें हैं उनसे 10 गुना किताबें मेरे पास है। यदि आपके पास 13 किताबें हैं तो बताएँ मेरे पास कितनी किताबें होंगी?

**72** L-1

अनुराग के पास मुझसे तीन गुना कंचे हैं। यदि अनुराग के पास 57 कंचे हैं तो बताएँ कि मेरे पास कितने कंचे होंगे?

**70** L-1

अनुपम के पास जो भी संख्या है उसके दोगुने से 12 अधिक इरशाद के पास है। यदि अनुपम के पास 47 संख्या है तो बताएँ इरशाद के पास कौन–सी संख्या होगी?

**68** L-1

आदर्श की लम्बाई मेरी लम्बाई से दो फुट अधिक है। यदि मेरी लम्बाई ढाई फुट है तो आदर्श की लम्बाई कितनी होगी?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**73** L-1

इरफ़ान के बाग़ में मेरे बाग़ से 15 अधिक सेब के पेड़ हैं। यदि मेरे बाग़ में 76 सेब के पेड़ हैं तो बताएँ इरफ़ान के बाग़ में कितने सेब के पेड़ हैं?

**75** L-1

साहिल ने एक दुकान से 78 रुपये का सामान ख़रीदा। साहिल ने दुकानदार को 100 रुपये का नोट दिया। बताएँ, साहिल को दुकानदार से कितने रुपये वापस लेने होंगे?

**77** L-1

रिहान की उम्र जैक्लीन की उम्र से 6 गुनी है। यदि जैक्लीन की उम्र 18 वर्ष है तो बताएँ, रिहान की उम्र कितनी है?

**79** L-1

रिहाना अपने गाँव से 56 अमरूद लाई। वह इन अमरूदों को अपनी 7 सहेलियों में बाँटना चाहती है। बताएँ, हर एक को कितने अमरूद मिलेंगे?

**81** L-1

रमेश के पास सोहन के आधे से 20 रुपये कम हैं। यदि सोहन के पास 50 रुपये हैं तो बताएँ रमेश के पास कितने रुपये हैं?

**83** L-1

रवि के पास टोकरी में कुछ अंडे हैं। उसकी माँ ने पूछा कि बेटे यह कितने अंडे हैं। तो रवि ने जवाब दिया, ''अगर मैं इन अंडों को दो की जोड़ी में गिनूँ तो एक बचेगा, अगर तीन की जोड़ी में गिनूँ तो भी एक बचेगा, अगर चार की जोड़ी में गिनूँ तो भी एक बचेगा लेकिन अगर पाँच की जोड़ी में गिनूँ तो कोई नहीं बचेगा।'' क्या आप रवि की माँ की मदद कर सकते हैं यह जानने में कि कितने अंडे हैं?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**78** L-1

दिवाली पर रोहन ने 67 दीप और उसकी छोटी बहन ने 23 दीप जलाए। बताएँ, दोनों ने मिलकर कितने दीप जलाए?

**76** L-1

एक बस में 45 लोग बैठे थे। अगला स्टॉप आते ही 29 लोग उतर गए। बताएँ, बस में अभी कितने लोग हैं?

**74** L-1

एक किलो दाल का मूल्य 120 रुपये है। राहुल ने अपने घर के लिए 5 किलो दाल ख़रीदी। बताएँ, दुकानदार को राहुल कितने रुपये देगा?

**84** L-1

रोहन के पास 78 कंचे हैं जिन्हें वह अपने तीन दोस्तों में बराबर-बराबर बाँटना चाहता है। बताएँ, तीनों को कितने-कितने कंचे मिलेंगे?

**82** L-1

एक कटोरी की क़ीमत, एक जग की क़ीमत की आधी से 15 रुपये कम है। अगर जग की क़ीमत 64 रुपये है तो बताएँ कि कटोरी की क़ीमत कितनी होगी?

**80** L-1

एक बच्चा अपने घर से 1:30 बजे खेलने निकला और 3:30 बजे घर वापस आया। बताएँ, वह कितने घंटे घर से बाहर रहा?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**85** L-1

सुमित के पास 72 कंचे हैं और अमित के पास 39 कंचे हैं तो बताएँ दोनों के पास कुल कितने कंचे हैं।

**87** L-1

आम के पेड़ पर 52 आम लगे हैं। तूफान आने से उस पेड़ से 28 आम गिर गए। बताएँ, अब आम के पेड़ पर कितने आम हैं?

**89** L-1

एक गाँव में चार समूह बनाए गए। प्रत्येक समूह में 5 लोग थे। बताएँ, चारों समूह में कुल कितने लोग होंगे?

**91** L-1

वन महोत्सव में 12 विद्यार्थियों ने 84 पौधे लगाए। यदि प्रत्येक विद्यार्थी ने बराबर पौधे लगाए तो बताएँ, एक विद्यार्थी ने कितने पौधे लगाए?

**93** L-1

राजू की माँ ने उसे 12 आम दिए लेकिन उसकी बहन ने उससे 2 आम ले लिए। राजू को 25 आम होने के लिए कितने आम और चाहिए?

**95** L-1

एक तालाब में ख़ास क़िस्म के कमल थे जो हर दिन दोगुना होते थे। इस प्रकार पूरा तालाब 30 दिनों में भर जाता था। बताएँ कि अगर एक कमल की जगह दो होते तो पूरा तालाब कितने दिनों में भरता।

# गणित के शाब्दिक सवाल

**90** L-1

अनुराधा की अभी वर्तमान आयु 25 वर्ष है। बताएँ, 15 वर्ष बाद अनुराधा की आयु क्या होगी?

**88** L-1

दो संख्याओं का योग 82 है। अगर पहली संख्या 40 है तो दूसरी संख्या क्या होगी?

**86** L-1

विद्यालय की प्रार्थना सभा की प्रत्येक पंक्ति में 19 विद्यार्थी खड़े हैं तो बताएँ 12 पंक्तियों में कुल कितने विद्यार्थी खड़े होंगे?

**96** L-1

अंडे की एक पेटी में 210 अंडे ट्रे पर रखे गए हैं। हर ट्रे में 30 अंडे आते हैं तो बताएँ पेटी में कुल कितनी ट्रे हैं?

**94** L-1

एक कमरे में 10 डेस्क की पंक्तियाँ हैं। एक डेस्क पर 3 बच्चे बैठते हैं। सोमवार को एक डेस्क खाली था। बताएँ, उस दिन कितने बच्चे आए थे?

**92** L-1

मेरे पास 30 रुपये हैं। मैं 7 बच्चों को बराबर-बराबर रुपये देना चाहता हूँ। बताएँ, मैं ज़्यादा से ज़्यादा कितने रुपये सबको बराबर दे पाऊँगा?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**97** L-1

मोहन को सरकार की तरफ से मुफ्त में 4 पुस्तकें मिलीं। उनमें गणित की पुस्तक का मूल्य 48, हिन्दी का 50, विज्ञान का 42 और अंग्रेज़ी का 62 रुपये है। बताएँ, मोहन को कितने रुपये की किताबें निःशुल्क मिली?

**99** L-1

473 में कितना जोड़ें कि 600 प्राप्त हो?

**101** L-1

आम की एक पेटी में 75 आम आते हैं तो ऐसी ही 34 पेटियों में कितने आम आएंगे?

**103** L-1

एक पेड़ पर 56 पक्षी बैठे हैं। उनमें से आधे उड़ गए तो बताएँ कि अब पेड़ पर कितने पक्षी बैठे हैं?

**105** L-1

करीम ने ईद के मौके पर 160 रुपये प्रति किलो के हिसाब से चार किलो लड्डू खरीदे। उसने दुकानदार को 2000 रुपये का एक नोट दिया। बताएँ दुकानदार कितने रुपये वापिस करेगा?

**107** L-1

एक आदमी 3 थैलों में 90 नारियल भरकर घर के लिए चल पड़ा। प्रत्येक थैले में 30 नारियल रखने की ही जगह है। घर जाते समय रास्ते में 30 टोल नाके पड़ते हैं। प्रत्येक टोल नाके का नियम है कि आपके पास जितने थैले होंगे उतने नारियल टोल के रुप में देने होंगे। बताएँ, घर के लिए वह कितने नारियल ले जा पाएगा? ध्यान रहे उत्तर शून्य ( 0 ) नहीं होगा।

# गणित के शाब्दिक सवाल

**102** L-1

करीम के पास राजू से 45 रुपये अधिक हैं। यदि राजू के पास 450 रुपये हों तो बताएँ कि करीम के पास कितने रुपये होंगे?

**100** L-1

तीन अंकों की बड़ी से बड़ी संख्या को चार अंकों की छोटी-से-छोटी संख्या में से घटाने पर क्या प्राप्त होगा?

**98** L-1

माचिस की एक डिब्बी में 35 तीलियाँ हैं तो बताएँ ऐसी 4 डिब्बियों में कितनी तीलियाँ होंगी?

**108** L-1

रमन के पास 16 एकड़ ज़मीन है। उसे अपने 4 बेटों को बराबर-बराबर बाँटनी है बताएँ, प्रत्येक बेटे को कितने एकड़ ज़मीन मिलेंगी?

**106** L-1

एक पेड़ पर 40 चिड़ियाँ बैठी हैं। उनमें से 18 चिड़ियाँ उड़ गईं। कुछ देर बाद 25 चिड़ियाँ और आकर बैठ गईं तो बताएँ अब पेड़ पर कुल कितनी चिड़ियाँ हैं?

**104** L-1

सरला के बेटे की उम्र मेरी बेटी की उम्र से आधी है। यदि मेरी बेटी की उम्र तीन साल है तो बताएँ कि सरला के बेटे की उम्र क्या होगी?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**109** L-1

हरमीत ने एक दिन में 35 शब्द लिखे। दुसरे दिन 48 शब्द और लिखे। बताएँ हरमीत ने उस पन्ने पर कुल कितने शब्द लिखे?

**111** L-1

दो संख्याओं का योग 82 है अगर पहली संख्या 38 है तो दूसरी संख्या क्या होगी?

**113** L-1

महेश के पास 135 रुपये हैं। इसके 3 गुने रुपये राहुल के पास है। बताएँ, राहुल के पास कितने रुपये हैं?

**115** L-1

दो संख्याओं का गुणनफल 45 है यदि एक संख्या 9 है तो दूसरी संख्या क्या होगी?


**117** L-1

पांचवीं कक्षा में 25 विद्यार्थी हैं। 3 विद्यार्थी प्रमाण पत्र लेकर चले गए और उसके बाद उसी महीने 5 और विद्यार्थियों ने कक्षा में प्रवेश लिया। बताएँ, उस कक्षा में अब कुल कितने विद्यार्थी हैं?

**119** L-1

हल करें

नीचे दिए गए त्रिकोण में 1 से 9 तक के अंक इस तरह भरें ताकि प्रत्येक पक्ष की राशि 20 हो ( किसी भी संख्या का दोबारा प्रयोग न करें )।



# गणित के शाब्दिक सवाल

**114** L-1

एक बस में 17 बच्चे चढ़ गए। यदि 38 बच्चे पहले से बस में बैठे हैं तो बताएँ बस में अब कितने बच्चे हैं?

**112** L-1

एक बग़ीचे में कुल 81 पेड़ हैं। इनमें से 21 पेड़ आम के और बाकी अमरूद के हैं। अमरूद के पेड़ों की संख्या बताएँ?

**110** L-1

एक दिन में मोहन 6 किलोमीटर और रोहन 5 किलोमीटर चलते हैं। बताएँ, दोनों 7 दिन में कितने किलोमीटर चलेंगे?

**120** L-1

एक टोकरी में 538 फूल हैं। 20-20 फूलों की मालाएँ बनानी है। बताएँ, कितनी मालाएँ बनेगी और कितने फूल शेष बचेंगे?

**118** L-1

एक बस में 100 यात्री बैठे हुए हैं। आगे जाकर 30 यात्री चढ़ गए और 50 यात्री उतर गए। बताएँ, बस में कितने यात्री हैं?

**116** L-1

मनोहर डेढ़ किलो जलेबी ख़रीदना चाहता है। यदि एक किलो जलेबी की क़ीमत 300 रुपये है तो बताएँ मनोहर दुकानदार को कितने रुपये देगा?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**121** L-2

स्कूल में दोपहर का भोजन बनाने के लिए 225 रुपये की दाल व 348 रुपये का अन्य सामान लगा। बताएँ, उस दिन दोपहर के भोजन में कितने रुपये ख़र्च हुए?

**123** L-2

एक बग़ीचे में कुल 317 पेड़ हैं, जिसमें 219 पेड़ आम के हैं और बाकी अमरूद के हैं। बताएँ, बग़ीचे में अमरूद के पेड़ कितने हैं?

**125** L-2

अमन के पिताजी प्रतिदिन 475 रुपये कमाते हैं। बताएँ, उसके पिताजी 45 दिन में कितने रुपये कमाएँगे?

**127** L-2

एक हॉल में कुल 225 व्यक्ति हैं। यदि एक पंक्ति में 25 व्यक्ति बैठे हैं तो हॉल में कुल कितनी पक्तियाँ होंगी?

**129** L-2

अजय ने एक दुकान से 3 पैंट ख़रीदी। एक पैंट की क़ीमत 613 रुपये हैं। उसे प्रत्येक पैंट पर 50 रुपये की छूट मिली। बताएँ अजय ने दुकानदार को कुल कितने रुपये दिए।

**131** L-2

मैं तीन अंकों वाली एक संख्या हूँ। मेरी इकाई का अंक सैकड़े के अंक से बड़ा है। मेरी दहाई का अंक सम संख्या है। मेरा दुगना हज़ार से ज़्यादा है। बताएँ, मैं कौन-सी संख्या हूँ?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**126** L-2

एक कक्षा में से 37 बेंच निकालने के बाद 45 बेंच शेष बचे तो बताएँ, कक्षा में पहले से कितने बेंच मौजूद थे?

**124** L-2

कोहली 57 रनों पर बैटिंग कर रहा है। उसे शतक पूरा करने के लिए और कितने रनों की ज़रूरत है?

**122** L-2

एक किलोग्राम सेब का मूल्य 140 रुपये है तो 13 किलोग्राम सेब का मूल्य कितना होगा?

**132** L-2

192 को किस संख्या से भाग दिया जाए कि भागफल 12 आए?

**130** L-2

एक गाँव में व्यस्कों की कुल संख्या बच्चों की संख्या से 237 अधिक है। यदि व्यस्कों की संख्या 779 है तो गाँव की जनसंख्या क्या होगी?

**128** L-2

तरुण के पास जितने रुपये हैं, गीता के पास उससे एक चौथाई रुपये ज़्यादा हैं। यदि तरुण के पास 16 रुपये हैं तो बताएँ गीता के पास कितने रुपये होंगे?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**133** L-2

एक दुकानदार को एक कमीज़ को 725 रुपये में बेचने पर 118 रुपये का नुकसान होता है। बताएँ, दुकानदार ने कमीज़ कितने रुपये में ख़रीदी थी?

**135** L-2

लोकेश के पास राहुल से 517 रुपये कम हैं। यदि राहुल के पास 914 रुपये हैं तो लोकेश के पास कितने रुपये हैं?

**137** L-2

ऊना से दिल्ली तक एक सवारी का बस किराया 687 रुपये है। बताएँ, 13 सवारियों का कुल किराया कितना होगा?

**139** L-2


दो संख्याओं का गुणनफल 276 है। इसमें से एक संख्या 12 है तो दूसरी संख्या क्या होगी?

**141** L-2

हर्ष के घर में प्रतिदिन 2 लीटर दूध आता है। यदि एक लीटर दूध का मूल्य 35 रुपये हो तो बताएँ, मई माह में हर्ष के परिवार को दूध के कितने रुपये देने होंगे?

**143** L-2

चित्रानुसार तीलियों को सजाएँ। अब किन्हीं तीन तीलियों को हटा कर तीन समान त्रिभुज पाएँ।



# गणित के शाब्दिक सवाल

**138** L-2

एक बच्चा गणित में 349 अंक प्राप्त करता है जो कि प्रथम आने वाले बच्चे के अंकों से 38 कम है। बताएँ, प्रथम आने वाले बच्चे ने कितने अंक प्राप्त किए?

**136** L-2

एक बाग़ में सेब के पेड़ की संख्या आम के पेड़ की संख्या से 120 कम है। यदि आम के पेड़ की संख्या 385 हो तो बताएँ सेब के पेड़ की संख्या कितनी है?

**134** L-2

एक माला में 108 मोती हैं तो बताएँ ऐसी 27 माला में कुल कितने मोती होंगे?

**144** L-2

एक टंकी में कुल 500 लीटर पानी आता है। इस टंकी को 10 लीटर वाली एक बाल्टी से भरा जाना है। बताएँ, उस टंकी को भरने में कितनी बार बाल्टी भरकर डालनी होगी?

**142** L-2

एक ट्रैक्टर में चावल की बोरियाँ कुल 165 रखी हैं। यदि एक बोरी में 45 किलोग्राम चावल आता है तो बताएँ, ऐसे 4 ट्रैक्टरों में कुल कितने किलोग्राम चावल भरा होगा?

**140** L-2

आज माँ ने 12 रोटियाँ बनाई हैं। लेकिन खाने वाले आज घूमने चले गए हैं। मैंने भी सभी रोटियों का एक तिहाई हिस्सा खाया है। बताएँ, मैंने कितनी रोटियाँ खाईं?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**145** L-2

एक ड्रम में से 265 लीटर तेल निकाल लेने के बाद ड्रम में अभी भी 315 लीटर तेल बचा हुआ है। बताएँ, ड्रम में पहले से कितना लीटर तेल था?

**147** L-2

पानी की एक टंकी में 250 लीटर पानी आता है। अगर उसमें 127 लीटर पानी है तो बताएँ उसमें और कितना पानी आएगा?

**149** L-2

नेहा ने 15 रुपये वाली 88 माला ख़रीदी। बताएँ, नेहा ने माला ख़रीदने में कितने रुपये ख़र्च किए?

**151** L-2

एक खेत की चौड़ाई उसकी लम्बाई से एक चौथाई है। यदि खेत की लम्बाई 168 मीटर है तो उसकी चौड़ाई क्या होगी?

**153** L-2

472 सेब की पेटियों को 2 भाइयों में इस प्रकार बाँटने हैं कि बड़े भाई को छोटे भाई से 7 पेटी अधिक मिले। बताएँ दोनों भाइयों को कितनी-कितनी पेटियाँ मिलेंगी?

**155** L-2

40 मीटर लम्बी एक सड़क के दोनों किनारों पर हर 10 मीटर की दूरी पर पौधे लगाने हैं। बताएँ, कुल कितने पौधों की ज़रूरत होगी?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**150** L-2

गरिमा के पास 125 किलो सेब हैं। रहमान के पास गरिमा से 318 किलो सेब अधिक हैं तो बताएँ रहमान के पास कितने किलो सेब हैं?

**148** L-2

89 रुपये को किस संख्या से घटाएँ कि हमारे पास 277 रुपये बचे?

**146** L-2

एक वर्ग की भुजा 20 से.मी. है। बताएँ, उस वर्ग का क्षेत्रफल क्या होगा?

**156** L-2

दो संख्याओं का गुणनफल 1440 है। यदि एक संख्या 12 है तो दूसरी संख्या क्या होगी?

**154** L-2

रजनी को उसके पिता ने 770 रुपये और उसकी माँ ने 130 रुपये दिए। अब इन रुपयों को रजनी ने अपने तीन दोस्तों में बराबर-बराबर बाँट दिए। बताएँ, एक दोस्त को कितने रुपये मिले?

**152** L-2

रोहन के पास 44 से.मी. रिबन है। मेरे पास रोहन से तीन चौथाई रिबन अधिक है। बताएँ, मेरे पास कितना रिबन है?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**157** L-2

दो संख्याओं का जोड़ 639 है। यदि उनमें से एक संख्या 358 है तो दूसरी संख्या क्या होगी?

**159** L-2

515 में क्या जोड़ें कि वह तीन अंकों की बड़ी से बड़ी संख्या बन जाए?

**161** L-2

मंजू के पास सुमन से 32 गुने रुपये हैं। यदि सुमन के पास 887 रुपये हैं तो बताएँ कि मंजू के पास कितने रुपये हैं?

**163** L-2

एक रस्सी 132 मीटर लम्बी है। अगर हम रस्सी के 12-12 मीटर के टुकड़े काटें तो कितने टुकड़े कटेंगे?

**165** L-2

रीमा घर से 3000 रुपये लेकर बाज़ार गई। उसने 175 रुपये प्रति सेट के हिसाब से पुस्तक के 12 सेट ख़रीदे। बताएँ, उसके पास कितने रुपये बचे?

**167** L-2

यह एक जादुई वर्ग है जिसमें तीनों संख्याओं के बक्से ( आड़ी, खड़ी और तिरछी ) का जोड़ समान है।

1 से 9 तक के सभी अकं इस तरह से ख़ाली बक्से में लिखें कि उनके आड़े और खड़े हर लाइन में बक्सों का जोड़ 15 आए। एक अंक एक बार ही इस्तेमाल हो सकता है।

| 15 | 15 | 15 | |
|---|---|---|---|
| | | | 15 |
| | | | 15 |
| | | | 15 |

# गणित के शाब्दिक सवाल

**162** L-2

लता के पास हेमा से 840 रुपये अधिक हैं। यदि हेमा के पास 37 रुपये हैं तो लता के पास कितने रुपये होंगे?

**160** L-2

23 में कितना जोड़ें कि अंक का स्थान बदल जाएँ? ( इकाई अंक दहाई और दहाई का अंक इकाई हो जाए )

**158** L-2

एक कमीज़ का मूल्य 465 रुपये है। यदि अपने चारों भाइयों के लिए कमीज़ ख़रीदनी हो तो मुझे कितने रुपये की ज़रूरत पड़ेगी?

**168** L-2

3 पंखे ख़रीदने के लिए 1650 रुपये देने होते हैं। बताएँ, एक पंखे को ख़रीदने के लिए कितने रुपये देने होंगे?

**166** L-2

पाँच चटाईयों का मूल्य 750 रुपये है। यदि रूद्र को 2 चटाई ख़रीदनी हो तो वह दुकानदार को कितने रुपये देगा?

**164** L-2

रीता ने आज 12 किलोमीटर की दूरी तय की। लेकिन मोनिका ने रीता से दो गुनी दूरी तय की। बताएँ, मोनिका ने कितनी दूरी तय की?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**169** L-2

मेरे पास जितने रुपये हैं, उससे 348 रुपये अधिक रबीना के पास है। यदि मेरे पास 560 रुपये है तो बताएँ रबीना के पास कितने रुपये हैं?

**171** L-2

एक दुकानदार ने 525 रुपये में एक पंखा ख़रीदा और 575 रुपये में बेच दिया। बताएँ, दुकानदार को कितने रुपये का फ़ायदा या नुकसान हुआ?

**173** L-2

एक आयत की लम्बाई 120 से.मी. और चौड़ाई 125 से.मी. है। बताएँ, इस आयत का क्षेत्रफल क्या होगा?

**175** L-2

242 लड्डूओं को कितने बच्चों में बाँटा जाए कि प्रत्येक बच्चे के पास 2 लड्डू मिल सके?

**177** L-2

सुनील ने 3 कुर्सियाँ 850 रुपये में बेची। इसमें उससे 100 रुपये का फ़ायदा हुआ। बताएँ, उसने वे कुर्सियाँ कितने रुपये की ख़रीदी थी?

**179** L-2

मैनें 20 को काट दिया। फिर भी न कानून तोड़ा ना खून किया। ऐसा मैंने क्या किया ? (प्रश्न में ही उत्तर दिया है।)

# गणित के शाब्दिक सवाल

**174** L-2

तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या और 2 अंकों की सबसे बड़ी संख्या का योग क्या होगा?

**172** L-2

एक विद्यालय में 350 बच्चे हैं। यदि विद्यालय में 162 लडकियाँ हैं तो बताएँ उस विद्यालय में कितने लड़के होंगे?

**170** L-2

एक वर्गाकार बग़ीचे का क्षेत्रफल क्या होगा जिसकी लम्बाई 55 से.मी. है?

**180** L-2

एक आयताकार मैदान 35 मीटर लम्बा है। मैदान का क्षेत्रफल 700 वर्ग मीटर है। बताएँ, मैदान की चौड़ाई कितनी होगी?

**178** L-2

सीमा 3 दिन में 399 रुपये कमाती है। बताएँ, वह 30 दिन में कितना कमाती होगी?

**176** L-2

शेफाली ने डेढ़ किलो दाल और साढ़े तीन किलो आलू ख़रीद कर अपने झोले में रख लिए। बताएँ शेफाली के झोले में कितना वजन है?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**181** L-2

एक खेत की लम्बाई उसकी चौड़ाई से 50 मीटर अधिक है। यदि खेत की लम्बाई 120 मीटर हो तो बताएँ खेत की चौड़ाई कितने मीटर है?

**183** L-2

एक गाँव में महिलाओं व पुरुषों की संख्या 867 है। यदि महिलाओं की संख्या 486 है तो बताएँ, पुरुषों की संख्या कितनी होगी?

**185** L-2

एक ड्रम में 445 लीटर पानी आता है। बताएँ, ऐसे ही 14 ड्रम में कितना पानी आएगा?

**187** L-2

दो संख्याओं का गुणनफल 952 है। यदि एक संख्या 7 है तो दूसरी संख्या क्या होगी?

**189** L-2

5 किलो सरसों के तेल की क़ीमत 510 रुपये है। यदि साहिल को 3 किलो तेल ख़रीदना हो तो बताएँ, साहिल को कितने रुपये देने होंगे?

**191** L-2

एक रेलवे मार्ग पर 25 स्टेशन हैं। बताओ कि कितने प्रकार के रेलवे टिकट चाहिए?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**186** L-2

हिन्दी, गणित, और अंग्रेज़ी की पुस्तकों में क्रमशः 368, 370, और 205 पन्ने हैं। बताएँ, तीनों किताबों में कुल कितने पन्ने हैं?

**184** L-2

दो अलग-अलग ऐसी संख्या लिखें जिनको जोड़ने पर 980 आए। ( सम्भावित उत्तर कई हो सकते हैं )

**182** L-2

रहीम रोज़ 15 किलोमीटर दौड़ता है। बताएँ कि मई के माह में रहीम कितने किलोमीटर दौड़ा होगा?

**192** L-2

समर ने 6 किताबों का सेट 876 रुपये में ख़रीदा। यदि सभी किताबों की क़ीमत समान हो तो बताएँ कि समर को एक किताब कितने रुपये की पड़ी?

**190** L-2

शिवम ने 656 रुपये की कमीज़ और 700 रुपये की पैंट ख़रीदी। इन दोनों को ख़रीदने में शिवम को 256 रुपये की छूट मिली। बताएँ, शिवम दुकानदार को कितने रुपये देगा?

**188** L-2

मोहिनी ने आज जावेद से डेढ़ रोटी कम खाई है। जावेद ने आज साढ़े तीन रोटी खाई है। बताएँ मोहिनी ने कितनी रोटी खाई होंगी?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**193** L-2

सुरेश ने 865 रुपये का एक पंखा बेचा। इसे बेचने पर उसे 56 रुपये का घाटा हुआ। बताएँ, सुरेश ने कितने रुपये का पंखा ख़रीदा था?

**195** L-2

मैंने माँ से 876 रुपये लेकर, माँ को ही 322 रुपये वापस दे दिए। बताएँ मैंने कितने रुपये ख़र्च किये?

**197** L-2

एक घड़ी की क़ीमत 654 रुपये हैं। राज को अपनी तीन बहनों और दो भाइयों के लिए घड़ी ख़रीदनी है। बताएँ, राज को सबके लिए घड़ी ख़रीदने के लिए कितने रुपये की ज़रूरत होगी?

**199** L-2

चार अंकों की सबसे बड़ी संख्या को दो अंकों की सबसे बड़ी संख्या से भाग देने पर कितने अंक की संख्या प्राप्त होती है?

**201** L-2

समर ने 165 रुपये के 3 गुने से 18 रुपये अधिक की एक मशीन ख़रीदी और उसे 850 रुपये में बेच दिया। बताएँ, समर को उस मशीन को बेच कर कितने रुपये का फ़ायदा या नुकसान हुआ?

**203** L-2

एक आदमी के पाँच बच्चे थे। उसने अपने वेतन में से 100 रुपये सभी बच्चों में बाँटे। शुरुआत उसने सबसे छोटे बच्चे से की। उसने सबसे छोटे बच्चे से प्रत्येक बड़े बच्चे को 2 रुपए अधिक दिए। इस प्रकार सबसे बड़े बच्चे को अपने छोटे भाई से 8 रुपये अधिक मिले। बताएँ, प्रत्येक बच्चे को कितने रुपये मिले?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**198** L-2

दो संख्याओं का अंतर 788 है। यदि पहली संख्या 654 है तो दूसरी संख्या क्या होगी?

**196** L-2

दो संख्याओं का योग 986 है। यदि एक संख्या 653 तो दूसरी संख्या क्या होगी?

**194** L-2

मेरे पास एक संख्या जिसकी दो गुनी संख्या सोनू के पास है। यदि सोनू के पास 658 है तो मेरे पास कितनी संख्या है?

**204** L-2

रीता के पास जो भी संख्या है उसकी एक चौथाई संख्या रमन के पास है। यदि रीता के पास 698 है तो बताएँ कि रमन के पास कितनी संख्या है?

**202** L-2

अंजलि के पास शेखर के चार गुने से 120 रुपये अधिक हैं। यदि शेखर के पास 609 रुपये हैं तो अंजलि के पास कितने रुपये होंगे?

**200** L-2

रोहन ने डेढ़ किलो सेब, एक पाव लीची और साढ़े पाँच किलो अंगूर ख़रीदे। बताएँ, उसने कितने किलो फल ख़रीदे?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**205** L-2

मैंने एक दुकान से 345 रुपये की कमीज़, 223 रुपये का मफलर, और 467 रुपये की एक साड़ी ख़रीदी। बताएँ, अब मुझे दुकानदार को कितने रुपये देने होंगे?

**207** L-2

रोहित ने 908 रुपये की एक किताब ख़रीदी तो उसे 433 रुपये की छूट मिली। बताएँ कि रोहित को कितने रुपये दुकानदार को देने होंगे?

**209** L-2

कोमल हर महीने अपनी गुल्लक में 356 रुपये जमा करती है। बताएँ, वह 3 साल में कितने रुपये जमा कर पाएगी?

**211** L-2

माँ ने रोहन के दोस्तों के लिए 875 लड्डू बनाए। रोहन अपने 25 दोस्तों को बराबर-बराबर लड्डू देना चाहता है। बताएँ, रोहन अपने दोस्तों को कितने कितने लड्डू देगा?

**213** L-2

सोहन हर हफ्ते अपने दादाजी से अपने घर के सामान के लिए 288 रुपये लेता है और उसमें से 30 रुपये वापस कर देता है। बताएँ, सोहन जुलाई के महीने में कितने रुपये घर के सामान में ख़र्च करता है?

**215** L-2

हल करें

1. मेरी इकाई का अंक 2 से कम है।
   मेरे सैकड़े का अंक विषम है।
   मैं 7 सैकड़े से कम हूँ।
   मेरी दहाई का अंक सबसे बड़ा है।
   तो बताएँ मैं कौन-सी संख्या हूँ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| 630 | 270 | 385 | 750 |
| 280 | 382 | 300 | 150 |

# गणित के शाब्दिक सवाल

**210** L-2

मनजीत को उच्च संख्या का योग ज्ञात करना है, लेकिन वह नहीं कर पा रहा है। संख्याएँ कुछ इस प्रकार हैं - 223, 324, 456, मनजीत की मदद करते हुए योग ज्ञात करें।

**208** L-2

मीना और मोना दोनों ने आज बाज़ार से कुछ सामान ख़रीदे। मोना ने 786 रुपये का सामान लिया और दुकानदार को 1000 रुपये दिए। बताएँ मोना को कितने रुपये वापस लेने चाहिए?

**206** L-2

रवि के घर में शादी है। वह अपने परिवार के साथ मेहमानों के लिए बाज़ार से सामान ख़रीदने गया है। उसने एक जैसे 48 जोड़े पसंद किए। एक जोड़े का मूल्य 765 रुपये हैं। बताएँ रवि ने सभी जोड़े कितने रुपये में ख़रीदे?

**216** L-2

यदि 12 चटाईयों का मूल्य 3000 रुपये है। बताएँ एक चटाई कितने रुपये की मिलेगी?

**214** L-2

एक आयताकार पार्क की लम्बाई 756 से.मी. और चौड़ाई 398 से.मी. है। यदि 12 रुपये प्रति से.मी. की दर से इस पार्क की चारों तरफ़ लोहे की तार लगवानी हो तो कितने रुपये की ज़रूरत होगी?

**212** L-2

रहीम ने एक दीवार को पेंट करना शुरू किया। एक दिन में वह आधी दीवार को पेंट कर पाता है। यदि उसे चारों दीवारों को पेंट करना हो तो वह कितने दिन में पेंट कर पाएगा?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**217** L-2

एक बाग़ में 330 पेड़ आम के, 234 चीकू और 670 पेड़ अमरूद के हैं। बताएँ, उस बाग़ में कितने पेड़ हैं?

**219** L-2

समीर के पास जितने रुपये हैं उससे 245 रुपये कम हीरा के पास हैं। बताएँ हीरा के पास कितने रुपये हैं?

**221** L-2

मेरे पास जितनी गोटी हैं उससे 40 गुनी गोटी रहमान के पास है। यदि मेरे पास 456 गोटियाँ है तो बताएँ कि रहमान के पास कितनी गोटियाँ हैं?

**223** L-2

एक आयताकार मैदान का क्षेत्रफल 700 वर्ग मीटर है जिसकी लम्बाई 35 मीटर है। बताएँ, इस मैदान की चौड़ाई कितनी होगी?

**225** L-2

150 से.मी. एक वर्गाकार कपड़े के चारों ओर लेस लगाने के लिए कितने मीटर लेस की ज़रूरत पड़ेगी?

**227** L-2

एक भैंस रोज़ाना 10 लीटर दूध देती है, जबकि एक बकरी रोज़ाना एक लीटर, तथा एक भेड़ रोज़ाना बकरी का एक चौथाई लीटर दूध देती है... मैं अपने फार्म पर कुल 100 पशु रखना चाहता हूँ, लेकिन यह भी चाहता हूँ कि मुझे रोज़ाना पूरा 100 लीटर दूध भी मिले... न कम न ज़्यादा... और हाँ, मुझे फार्म में तीनों पशुओं को रखना भी ज़रूरी है।

# गणित के शाब्दिक सवाल

**222** L-2

मनीषा 4 घंटे 30 मिनट विद्यालय में तथा 3 घंटे 30 मिनट घर पर पढ़ती है। बताएँ, मनीषा कितने घंटे पढ़ाई करती है?

**220** L-2

पूनम की जन्म तिथि 28 जनवरी 1996 है। 30 सितम्बर 2005 को उसकी उम्र कितनी थी?

**218** L-2

एक मज़दूर ने एक कारख़ाने में 2 सप्ताह काम किया। वह रोज़ 6 घंटे काम करता था। बताएँ, मज़दूर ने कुल कितने घंटे काम किया?

**228** L-2

22 क़लम के पैकेट का मूल्य 880 रुपये है। बताएँ क़लम के एक पैकेट का मूल्य कितना होगा?

**226** L-2

यदि एक मज़दूर 7 दिनों में 385 रुपये की मज़दूरी कर लेता है। बताएँ, 12 दिनों में कितनी मज़दूरी लेगा?

**224** L-2

मैंने आज दो गिलास जूस पिया और रीता ने मुझसे ढाई गिलास जूस ज़्यादा पिया। बताएँ, रीता ने कितने गिलास जूस पिया और यह भी बताएँ दोनों ने मिलकर कितने गिलास जूस पिए?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**229** L-2

जमुना ने एक पंखा 180 रुपये की हानि पर 690 रुपये में बेच दिया। बताएँ जमुना ने पंखा कितने रुपये का ख़रीदा होगा?

**231** L-2

यदि किसी वस्तु को 960 रुपये में बेचकर दुकानदार को 123 रुपये की हानि होती है तो बताएँ दुकानदार ने उस वस्तु को कितने रुपये में ख़रीदा होगा?

**233** L-2

एक किलो अंगूर 65 रुपये में मिलता है। बताएँ, 23 किलो अंगूर कितने रुपये के मिलेंगे?

**235** L-2

1600 मि.ली. दूध से 200 मि.ली. धारिता वाले कितने कप भरे जा सकते हैं?

**237** L-2

राजू ने 20 लीटर दूध 800 रुपये में ख़रीदकर 45 रुपये प्रति लीटर के भाव से बेच दिया। बताएँ, राजू को कितना फ़ायदा या नुकसान कितना हुआ?

**239** L-2

एक चींटी एक मिनट में 6 मीटर तक चढ़ती है तथा उसके अगले एक मिनट में 3 मीटर फिसलती है तो बताएँ चींटी को 60 मीटर खम्भे पर चढ़ने के लिए कितना समय लगेगा?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**234** L-2

एक दुकानदार ने एक बोरी चावल 1250 रुपये में ख़रीद कर उसे 75 रुपये के फ़ायदे से बेच दिया। बताएँ कि चावल की बोरी कितने रुपये में बेची?

**232** L-2

दो ऐसी संख्याएँ लिखें जिनको जोड़ने पर 979 मिले।

**230** L-2

पूजा अपने खाते में हर महीने 765 रुपये जमा करती है। बताएँ वह पाँच सालों में कितने रुपये जमा कर पाएगी?

**240** L-2

एक साइकिल की क़ीमत पता करें। यदि 3 साइकिल की क़ीमत 6360 रुपये हैं?

**238** L-2

यदि 5 किलो शक्कर का मूल्य 200 रुपये है तो बताएँ 840 रुपये में ज़्यादा से ज़्यादा कितने किलो शक्कर ख़रीदी जा सकती है?

**236** L-2

रमन ने मुझसे ढाई लीटर दूध ख़रीदा। यदि एक लीटर दूध का मूल्य 40 रुपये है तो बताएँ, रमन मुझे कितने रुपये देगा?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**241** L-3

राधिका बाज़ार गई। उसने 235 रुपये की सब्ज़ी और 645 रुपये की मिठाई ख़रीदी तो बताएँ, राधिका ने कुल कितने रुपये ख़र्च किए?

**243** L-3

एक स्टेशन पर रेलगाड़ी में 645 यात्री चढ़े। अगले स्टेशन पर 329 यात्री उतर गए। बताएँ, रेलगाड़ी में अभी कितने यात्री हैं?

**245** L-3

यदि एक पुस्तक भण्डार से 245 किताबें एक दिन में बिक जाती हैं तो बताएँ, 25 दिनों में कुल कितनी किताबें बिक जाएँगी?

**247** L-3

अनुष्का ने 756 कम्बल 18 लोगों में बराबर-बराबर बाँट दिए तो बताएँ, प्रत्येक व्यक्ति को कितने कम्बल मिले?

**249** L-3

अब्बास के पास सायरा के आधे से 120 रुपये कम हैं। यदि सायरा के पास 978 रुपये हैं तो बताएँ, अब्बास के पास कितने रुपये हैं?

**251** L-3

1 रुपये की 40 मछली,
3 रुपये का 1 बंदर,
5 रुपये का 1 शेर
तो 100 रुपये में आप 100 खिलौने कैसे ख़रीदेंगे?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**246** L-3

एक मैच में भारत ने 310 रन बना लिए थे। मैच जीतने के लिए उसे 118 रन और बनाना है तो बताएँ, दूसरी टीम ने कितने रन बनाएँ थे।

**244** L-3

रहमान ने एक साईकिल को 3600 रुपये में ख़रीदकर 3805 रुपये में बेच दिया। बताएँ, रहमान को कितने रुपये का फ़ायदा हुआ?

**242** L-3

एक दुकानदार 9775 रुपये हर महीने कमाता है। बताएँ, वह 12 महीने में कितने रुपये कमाएगा?

**252** L-3

तीन कमीज़ की क़ीमत 576 रुपये है तो ऐसी एक कमीज़ की क़ीमत क्या होगी?

**250** L-3

रज़िया की आयु सूरज की आयु के 3 गुने से 10 वर्ष अधिक है। यदि सूरज की आयु 15 वर्ष है तो बताएँ, रज़िया की आयु कितनी है?

**248** L-3

एक लीटर सरसों के तेल का मूल्य 90 रुपये है। रीता को साढ़े पाँच लीटर तेल ख़रीदना है। बताएँ, उसे कितने रुपये की ज़रूरत है?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**253** L-3

एक सर्कस में पहले दिन 239 और दूसरे दिन 158 टिकट बिके। बताएँ, सर्कस में दो दिनों में कुल कितने टिकट बिके?

**255** L-3

एक दिवसीए क्रिकेट मैच में भारत ने 287 रन बनाए। श्रीलंका की टीम केवल 278 रन ही बना पाई। श्रीलंका कितने रनों से मैच हार गया?

**257** L-3

एक किलो लड्डू की क़ीमत 60 रुपये है तो बताएँ, 9 किलो लड्डू की क़ीमत क्या होगी?

**259** L-3

यदि 4 बाल्टी की क़ीमत 620 रुपये है, तो ऐसे ही 1 बाल्टी की क़ीमत क्या होगी?

**261** L-3

एक बस में 55 यात्री बैठे हैं। अगले बस स्टॉप पर 27 यात्री उतर जाते हैं तथा 18 यात्री बस में और चढ़ गए। बताएँ, बस में अभी कितने यात्री हैं?

**263** L-3

नाविक अपने एक पालतू शेर, एक बकरी और कुछ घास को नदी के पार ले जाना चाहता है। नाव छोटी है एक बार में वह किसी एक को ही ले जा सकता है। शेर और बकरी के एक साथ रहने पर शेर बकरी को खा सकता है और घास को छोड़े तो बकरी घास को खा जाएगी। बताएँ, नाविक तीनों को नदी के पार सुरक्षित कैसे ले जाएगा?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**258** L-3

फ़ारिक ने अपने बैंक खाते में पहले महीने 2015 रुपये तथा दूसरे महीने 945 रुपये जमा किए। बताएँ, उसने बैंक खाते में कितने रुपये जमा किए?

**256** L-3

ज़ेरा के घर की लम्बाई 325 फुट और चौड़ाई 150 फुट है। बताएँ, ज़ेरा के घर की लम्बाई, चौड़ाई से कितना फुट ज़्यादा है?

**254** L-3

एक कमीज़ के कपड़े की लम्बाई 12 मीटर तथा चौड़ाई 8 मीटर है, उस कपड़े का क्षेत्रफल कितना होगा?

**264** L-3

एक पानी की टंकी एक नल से 8 लीटर प्रति मिनट की दर से भरती है। यदि उस टंकी में 1000 लीटर पानी आता है तो बताएँ टंकी को भरने में कितना समय लगेगा?

**262** L-3

स्टीफ़न 900 रुपये लेकर बाज़ार गया। उसने 320 रुपये की एक शर्ट एवं 245 रुपये की एक पैन्ट ख़रीदी। बताएँ, उसके पास अब कितने रुपये बचे?

**260** L-3

तीन किलो जलेबी का मूल्य 720 रुपये है। बताएँ सवा किलो जलेबी कितने रुपये की आएगी?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**265** L-3

राकेश ने एक साईकिल 315 रुपये घाटे में बेची। यदि राकेश ने साईकिल 275 की बेची तो जब राकेश से साईकिल ख़रीदी थी तो उस समय साईकिल का दाम क्या था?

**267** L-3

एक दुकानदार ने मोबाइल की क़ीमत 4865 के स्थान पर 6720 रुपये बता कर उसे बेच दिया। बताएँ, दुकानदार को कितने रुपये का फ़ायदा हुआ?

**269** L-3

एक गिलास गन्ने के रस की क़ीमत 15 रुपये है तो ऐसे ही 38 गिलास गन्ने के रस की क़ीमत कितनी होगी?

**271** L-3

रोहित 15 दिन में 135 कमीज़ें सिलता है तो बताएँ रोहित हर रोज़ कितनी कमीज़ें सिलता है?

**273** L-3

एक गाड़ी 8 घंटे में 320 किमी तक जाती है तो बताएँ, वह गाड़ी 3 घंटे में कितने किमी तक जाएगी?

**275** L-3

एक महिला ने दुकानदार से 300 रुपये का सामान ख़रीदा। उसने दुकानदार को 1,000 रुपये का नोट दिया। दुकानदार के पास खुल्ले न होने की वजह से उसने पड़ोसी से 1,000 रुपये के खुल्ले लाकर 300 रुपये अपने पास रख लिए और 700 रुपये उस महिला को दे दिए। कुछ देर बाद पड़ोसी आया और बोला नोट नकली है और असली 1,000 रुपये का नोट दुकानदार से लेकर चला गया। बताएँ, उस दुकानदार को कितने रुपये का नुक़सान हुआ?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**270** L-3

कविता कुनाल से 18 वर्ष बड़ी है। यदि कुनाल की वर्तमान उम्र 28 वर्ष है तो कविता की उम्र क्या होगी?

**268** L-3

एक गाँव की पुरुष और महिलाओं की संख्या 5832 है। यदि उस गाँव में महिलाएँ 3425 हैं तो बताएँ, पुरुष की संख्या कितनी होगी?

**266** L-3

एक कुर्सी का मूल्य 475 रुपये है। दुकानदार ने 24 कुर्सियाँ बेच दी तो बताएँ दुकानदार ने कुल कितने रुपये में कुर्सियाँ बेची?

**276** L-3

सेजल एक वर्ष मे 9600 रुपये बचत करती है। यदि उसने हर महीने समान बचत की तो बताएँ उसने एक महीने में कितने रुपये की बचत की?

**274** L-3

एक मैच में सचिन ने 120 तथा कोहली ने 52 रन बनाए थे। भारत को वह मैच जीतने के लिए कुल 375 बनाने थे तो बताएँ, वह मैच जीतने के लिए अभी कितने रनों की और ज़रूरत है?

**272** L-3

1 लीटर दूध का मूल्य 45 रुपये है। बताएँ, यदि आपको एक पाव दूध ख़रीदना हो तो आपको कितने रुपये देने होंगे?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**277** L-3

एक कम्पनी में 755 पुरुष और 432 महिलाएँ काम करती हैं। बताएँ, फैक्ट्री में कुल कितने लोग काम करते हैं ?

**279** L-3

एक रेलगाड़ी में 1115 लोग बैठ सकते हैं। अगर उस रेलगाड़ी में 727 लोग पहले से बैठे हैं तो बताएँ, अधिक से अधिक कितने लोग और बैठ सकते हैं?

**281** L-3

फिरोज़ को एक कमीज़ बनवाने में 655 रुपये ख़र्च होता है तो बताएँ, 5 कमीज़ बनवाने के लिए उसे कितने रुपये ख़र्च करने होंगे?

**283** L-3

एक ट्रक में 56 कुन्तल आनाज आता है तो 448 कुन्तल आनाज कितने ट्रक में भरे जा सकते हैं?

**285** L-3

रफ़ीक ने अपनी भैंस के चारे के लिए 634 किलो चोकर, 345 किलो चूनी तथा 454 किलो भूसा ख़रीदा तो उसने कुल कितना किलो चारा ख़रीदा?

**287** L-3

2 सैनिकों को नदी पार करने हैं। उन्होंने देखा 2 नाविक नाव चला रहे हैं। दोनों सैनिकों ने उन्हें बुलाया और उनसे कहा, हम दोनों को नदी के पार करा दीजिए। नाविक बोले, इस नाव में तो एक बार में या तो हम दोनों जा सकते हैं या आपमें से कोई एक। ज़रा सोचकर बताएँ कि दोनों सैनिक कैसे नदी के पार जाँएगे?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**282** L-3

किसान ने 800 रुपये का फ़ायदा लेकर एक कुन्तल लौकी। 990 रुपये में ख़रीदी तो बताएँ, किसान ने लौकी कितने रुपये में बेची?

**280** L-3

नूर फ़ातिमा को एक साड़ी ख़रीदने के लिए 1699 रुपये की आवश्यकता थी। लेकिन उसके पास 955 रुपये ही थे। बताएँ, नूर फ़ातिमा को कितने रुपये और चाहिए?

**278** L-3

दिल्ली से शिमला एक व्यक्ति का बस किराया 855 रुपये है। बताएँ, 12 लोगों का किराया कितना होगा?

**288** L-3

एक रेलगाड़ी 60 कि.मी. प्रति घंटा की रफ़्तार से 540 कि.मी. की दूरी 9 घंटे में पूरी करती है। बताएँ, रेलगाड़ी एक घण्टे में कितने कि.मी. दूरी तय करेगी?

**286** L-3

एक तालाब को चारों तरफ़ से घेरने के लिए 250 मीटर तार लगता है। यदि 10 मीटर तार का दाम 180 रुपये है तो बताएँ, चारों तरफ़ से तार घेरने में कितने रुपये लगेंगे?

**284** L-3

रमा के पास 24 रुपये हैं। रोहन के पास रमा से तीन चौथई रुपये कम हैं। बताएँ, रोहन के पास कितने रुपये हैं?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**289** L-3

सुरेश और रमेश बाज़ार गए। रमेश ने 370 रुपये की घड़ी ख़रीदी और सुरेश ने 133 रुपये का एक बेल्ट ख़रीदी। बताएँ दोनों ने मिलकर कितने रुपये ख़र्च किए?

**291** L-3

एक संख्या दूसरी संख्या से 327 कम है। यदि दूसरी संख्या 638 है तो बताएँ, पहली संख्या क्या होगी?

**293** L-3

एक विद्यालय में 12 कक्षाएँ हैं। यदि प्रत्येक कक्षा में 68 विद्यार्थी हैं तो बताएँ विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या कितनी है?

**295** L-3

साबुन की 45 टिकिया 675 रुपये में मिलती है। ऐसी ही 1 टिकिया की क़ीमत क्या होगी?

**297** L-3

करन के पास जितनी टाफ़ियाँ हैं, उससे दो गुणा से 15 अधिक पंकज के पास हैं। यदि करन के पास 13 टाफ़ियाँ हैं तो पंकज के पास कितनी टाफ़ियाँ होंगी?

**299** L-3

एक किसान के पास 2 भेड़िए, 1 कुत्ता, 1 बकरा और 1 बोरी गेहूँ हैं। वह नाव से नदी को पार करना चाहता है। लेकिन, उस नाव में किसान अपने साथ किसी दो को ही ले जा सकता है। साथ ही अगर किसान इनके आस - पास न रहे तो भेड़िया, कुत्ते और बकरे को खा जाएगा तथा बकरा गेहूँ खा जाएगा। बताएँ, किसान कैसे सभी को सुरक्षित नदी के पार ले जाएगा?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**294** L-3

मनोज के पापा ने 608 रुपये के पटाखे और 1285 रुपये की मिठाई ख़रीदी तो बताएँ, मनोज के पापा ने कितने रुपये ख़र्च किए?

**292** L-3

दो संख्याओं का योगफल 567 है। यदि उनमें से पहली संख्या 415 है तो बताएँ, दूसरी संख्या क्या है?

**290** L-3

रेशमा हर रोज़ साईकिल से 8 किलोमीटर की दूरी तय करती है। वह 18 दिनों में कितने किलोमीटर की दूरी तय करेगी?

**300** L-3

25 पंखे की क़ीमत 25000 रुपये है। बताएँ, ऐसी ही 1 पंखे की क़ीमत क्या होगी?

**298** L-3

मोहन ने एक गाड़ी 12000 रुपये में ख़रीदी तथा 1800 रुपये मरम्मत पर ख़र्च किए। कुछ दिनों बाद उसने उस गाड़ी को 11500 रुपये में बेच दी। बताएँ, उसे कितने रुपये का फ़ायदा या नुकसान हुआ?

**296** L-3

शालनी ने 12 रोटियाँ बनाई। रघु ने उन रोटियों का दो तिहाई हिस्सा खा लिया। बताएँ, रघु ने कितनी रोटियाँ खाईं?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**301** L-3

एक मज़दूर ने अपने खाते में पहले साल 1350 रुपये और दूसरे साल 1450 रुपये जमा किए। बताएँ, उस मज़दूर ने दोनों सालों में कुल कितने रुपये जमा किए?

**303** L-3

दो संख्याओं का योगफल 7690 है। पहली संख्या 877 है। दूसरी संख्या क्या होगी?

**305** L-3

एक कूलर की क़ीमत 4350 रुपये है। छात्रावास के लिए 15 कूलर ख़रीदने पर कुल कितने रुपये ख़र्च होंगे?

**307** L-3

25 मज़दूरों की एक दिन की मज़दूरी 1750 रुपये है। बताएँ, प्रत्येक मज़दूर के हिस्से में कितने रुपये आएँगे?

**309** L-3

यदि मनाली किसी वस्तु को 9870 रुपये में ख़रीद कर 7880 रुपये में बेच देती है तो बताएँ कि मनाली को कितने रुपये का नुकसान होगा? यह भी बताएँ कि कितने रुपये पर बेचने पर मनाली को फ़ायदा होगा?

**311** L-3

3 दोस्त बाज़ार गए। उन्हें एक घड़ी पसंद आई। उसकी क़ीमत 30 रुपये थी। तीनों दोस्तों ने 10–10 रुपये मिलाकर वह घड़ी ख़रीद ली। दुकानदार ने घड़ी पर 5 रुपये की छूट दी और उन्हें पाँच सिक्के लौटाए। तीनों दोस्तों ने तुरंत 1–1 रुपये अपनी जेब में रख लिया। बाकि बचे 2 रुपये की टक्क़ी ख़रीद कर खा ली। घर पहुँचकर उन्होंने हिसाब लगाया। मगर हिसाब ठीक नहीं लग पा रहा था। क्या आप उनकी मदद करेंगे? तीनों ने 9–9 रुपये दिए, यानी

9 X 3 = 27, टक्क़ी में ख़र्च रुपये, 2 + 27 = 29

अब बताएँ कि हिसाब में गलती कहाँ हो रही है?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**306** L-3

पाँच अंकों की सबसे बड़ी व चार अंकों की सबसे छोटी संख्या का योग क्या होगा?

**304** L-3

दो ऐसी संख्याएँ लिखें जिनको जोड़ने पर 9876 मिले।

**302** L-3

एक साइकिल की क़ीमत 1975 रुपये है। हाईस्कूल की 217 छात्राओं के लिए साइकिल ख़रीदने के लिए कितने रुपये की ज़रूरत होगी?

**312** L-3

यदि भाजक 48 भागफल 403 और शेषफल 5 है तो भाज्य क्या होगा?

**310** L-3

गीता ने 5 घड़ियाँ 805 रुपये में ख़रीदी। उसने तीन घड़ियाँ 182 रुपये में तथा दो घड़ियाँ 138 रुपये में बेची। बताएँ, गीता को ऐसा करने में फ़ायदा हुआ या नुकसान?

**308** L-3

15 किलो दाल का मूल्य 1050 रुपये है। मोनी ने साढ़े तीन किलो दाल ख़रीदी। बताएँ, उसे कितने रुपये देने होंगे?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**313** L-3

सुमित हर महीने अपने घर का किराया 4500 रुपये देता है। बताएँ, उसने चार महीनों में कितना किराया दिया होगा?

**315** L-3

एक गाँव में पुरुष व महिलाओं की संख्या 8750 है। यदि महिलाओं की संख्या 3760 है तो पुरुषों की संख्या क्या होगी?

**317** L-3

एक कारख़ाने में एक दिन में 4675 मीटर कपड़ा बनता है। बताएँ, जनवरी माह में उस कारखाने में कितना कपड़ा बनेगा?

**319** L-3

7128 को किसी संख्या से भाग देने पर भागफल 264 मिलता है। बताएँ, वह संख्या क्या होगी?

**321** L-3

एक मैदान की लम्बाई 200 मी. और चौड़ाई 150 मी. है। राजू को इस मैदान के चार चक्कर लगाने हैं। बताएँ, राजू को कितना मीटर दौड़ना होगा?

**323** L-3

2 बच्चे और 2 नौजवान को नाव से एक नदी पार करनी है। प्रत्येक नौजवान का वज़न समान है। प्रत्येक बच्चे का वज़न नौजवान के वज़न का आधाा है। नाव एक बार में केवल एक नौजवान के वज़न को ढो सकती है। हर बार नाव में कम से कम एक व्यक्ति ज़रूर होने चाहिए। अब बताएँ, कितनी बार में दोनों बच्चे और दोनों नौजवान नदी को पार कर पाएँगे? 10 नौजवान और 2 बच्चे कितनी बार में नदी को पार कर पाएँगे?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**318** L-3

एक गाँव की जनसंख्या 4660 और दुसरे गाँव की जनसंख्या 8798 है। बताएँ, दोनों गाँव की जनसंख्या कितनी होगी?

**316** L-3

दो संख्याओं का योगफल 9798 है। एक संख्या 879 है। बताएँ, दूसरी संख्या क्या होगी?

**314** L-3

एक गोदाम में धान से भरे 8734 बोरे रखे हैं। यदि प्रत्येक बोरे में 75 किलोग्राम धान भरा हुआ है तो गोदाम में कितने किलोग्राम धान हैं?

**324** L-3

5 मोबाइल सेट की क़ीमत 7000 है। बताएँ, एक मोबाइल सेट की क़ीमत क्या होगी?

**322** L-3

एक गाड़ी 8 घंटे में 320 किमी तक जाती है तो बताएँ, वह गाड़ी 13 घंटे में कितने किमी तक जाएगी?

**320** L-3

रजब ने एक किताब के 780 पन्ने पढ़े। सृजन ने उसी किताब के दो चौथाई पन्ने पढ़ें। बताएँ, सृजन ने कितने पन्ने पढ़े?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**325** L-3

एक दुकानदार ने एक बोरी चावल 1250 रुपये में ख़रीदा और 75 रुपये के फायदे पर बेच दिया। बताएँ, दुकानदार ने चावल की बोरी कितने रुपये की बेची?

**327** L-3

क़रीम के पास प्रीती से 945 रुपये कम हैं। प्रीती के पास अगर 1867 रुपये हैं तो क़रीम के पास कितने रुपये होंगे?

**329** L-3

सेजल की मासिक आय 4200 रुपये है। वह 2800 रुपये घर के ख़र्च के लिए रखकर शेष धन डाकख़ाने में जमा कर देती है। सेजल ने 5 वर्ष में कितने रुपये डाकख़ाने में जमा किए?

**331** L-3

4000 मीटर रस्सी के इस प्रकार टुकड़े करते हैं कि हर टुकड़ा मीटर का हो। बताएँ, रस्सी के कितने टुकड़े होंगे?

**333** L-3

एक मैच में राहुल ने 120 तथा अनिल ने 152 रन बनाए थे। वह मैच जीतने के लिए कुल 475 बनाने थे तो बताएँ, वह मैच जीतने के लिए अभी कितने रनों की और ज़रूरत है?

**335** L-3

एक सर्कस मालिक अपना हाथी, कुत्ता, बिल्ली और चूहा नदी के पार ले जाना चाहता है। वह एक समय में किसी एक को ही लेकर जा सकता है। लेकिन, मालिक के न होने पर बिल्ली चूहे से, कुत्ता बिल्ली से और हाथी कुत्ता से लड़ने लगेगा। हालाँकि, जैसा सभी लोग जानते हैं कि हाथी चूहे से भयभीत रहता है और इसलिए यदि चूहा उपस्थित रहेगा तो हाथी कुत्ता से नहीं लड़ेगा। बताएँ, बिना किसी लड़ाई के मालिक सभी को कैसे नदी के पार ले जाएगा?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**330** L-3

करीम के पापा एक माह में 4500 रुपये और करीम के चाचा 3500 रुपये कमाते हैं। बताएँ, करीम के घर में एक माह में कुल कितने रुपये आते हैं?

**328** L-3

एक किसान ने एक महीने में 2850 रुपये जमा किए उसने उसी माह 1500 रुपये निकाल लिए। बताएँ, उसके खाते में अभी कितने रुपये हैं?

**326** L-3

एक मोबाइल की क़ीमत 4499 रुपया है। ऐसे ही 52 मोबाइल ख़रीदने के लिए कितने रुपये की ज़रूरत होगी?

**336** L-3

12 कमीज़ के सेट का मूल्य 3600 है। बताएँ, एक कमीज़ के सेट का मूल्य क्या होगा?

**334** L-3

फ़राना रीमा से कहती है कि मैं 3 अंकों वाली एक संख्या सोचती हूँ। इसके दहाई तथा सैकड़े वाले अंकों का योग 8 है तथा इकाई और दहाई वाले स्थान का योग 4 है। संख्या के तीनों अंकों का गुणनफल 15 है। वह संख्या कौन-सी होगी?

**332** L-3

एक पाव जलेबी का मूल्य 30 रुपये है। यदि रहमान को साढ़े पाँच किलो जलेबी ख़रीदनी हो तो उसे कितने रुपये की ज़रूरत होगी?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**337** L-3

एक चश्मा का मूल्य एक घड़ी के मूल्य से 800 रुपये कम है। यदि चश्मा का मूल्य 699 रुपये है तो घड़ी का मूल्य क्या होगा?

**339** L-3

स्टीफन ने एक मोबाइल फोन 3999 रुपये में ख़रीदकर 4550 रुपये में बेच दिया। बताएँ स्टीफन को कितने रुपये का फ़ायदा हुआ?

**341** L-3

अमित एक महीने में 2000 रुपये कमाता है और हामिद अमित से चार गुने रुपये अधिक कमाता है। बताएँ, हामिद एक महीने में कितने रुपये कमाता है?

**343** L-3

19 मीटर कपड़े की क़ीमत 1520 रुपये है। बताएँ यदि हमे 1 मीटर कपड़ा ख़रीदना हो तो कितने रुपये ख़र्च होंगे?

**345** L-3

लखन एक टी.वी. ख़रीदना चाहता है। इसके लिए उसने रुपये जमा करना प्रारम्भ किया है। उसने पहले दिन 250 रुपये, दूसरे दिन 350 रुपये, तीसरे दिन 450 रुपये उसने जमा किए। यदि रमेश 10 दिन तक इसी क्रम से रुपये जमा करे तो उसके पास कितने रुपये हो जाएँगे?

**347** L-3

4 दोस्तों को नदी पर बने पुल को पार करना है। वे सभी पुल के एक छोर पर हैं। पुल को एक साथ ज़्यादा से ज़्यादा दो ही लोग पार कर सकते हैं। रात का समय है और उनके पास केवल एक ही लैम्प है। जो भी लोग पुल पर चलेंगे उनके पास लैम्प अवश्य होना चाहिए। प्रत्येक जोड़े को धीमी गति से चलना होगा। पुल को पार करने में रेहान को 1 मिनट, ग़ज़ल को 2 मिनट, मुकेश को 7 मिनट और पायल को 10 मिनट लगता है। अब बताएँ, यदि चारों दोस्तों को कुल 17 मिनट लगता है तो वह कैसे? यदि चारों दोस्तों को कुल 21 मिनट लगता है तो वह कैसे?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**342** L-3

एक कार पहले 6 घंटे में 450 किलोमीटर की दूरी तय की। अगले 6 घंटे में 425 किलोमीटर की दूरी तय की। बताएँ कार द्वारा कुल कितनी दूरी तय की गई?

**340** L-3

अमित का जन्म 12 जनवरी 1984 को हुआ 16 मई 2007 को अमित की उम्र कितनी रही होगी?

**338** L-3

मोहन एक दिन में कहानी की एक किताब पढ़ता है जिसमे 250 पेज है। यदि वह हर दिन बराबर पेज पढ़ता हो तो बताएँ, वह जुलाई के माह में कितने पेज पढ़ सकता है?

**348** L-3

मेरी माँ 45 दिन में 9570 रुपये कमाती है। बताएँ, यदि मेरी माँ हर दिन बराबर रुपये कमाती हो तो वह एक दिन में कितना कमाती होंगी?

**346** L-3

3000 मीटर रस्सी के इस प्रकार टुकड़े करते हैं कि हर टुकड़ा 6 मीटर का हो, यदि 1 मीटर रस्सी 15 रुपये में ख़रीदी गई हो तो 3000 मीटर रस्सी ख़रीदने में कितने रुपये लगे होंगे?

**344** L-3

एक दिन में महिमा के घर में ढाई किलो दूध आता है। यदि एक किलो दूध की क़ीमत 45 रुपये है तो बताएँ महिमा के घर में जुलाई के माह में कितने रुपये का दूध आया है?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**349** L-3

एक मज़दूर ने एक कारख़ाने में 4 सप्ताह तक काम किया। वह रोज़ 12 घंटे काम करता था। बताएँ, उसने कुल कितने घंटे काम किया?

**351** L-3

सरला ने 7 घंटे का काम 5 घंटे 40 मिनट में कर लिया। बताएँ, वह अपने काम को दिए गए समय से कितने समय पहले कर पाई?

**353** L-3

रवि एक घंटे में 3500 मीटर दौड़ता है। यदि उसकी हर बार सामान चाल हो तो वह 1 दिन में दिन में कितने मीटर दौड़ सकता है?

**355** L-3

मोहिनी के घर में 30 दिन में 75 लीटर दूध आता है। बताएँ, उनके घर में एक दिन में कितना दूध आता होगा?

**357** L-3

एक दीवार की लम्बाई 12 मीटर और चौड़ाई 10 मीटर है। बताएँ, 12 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से इस दीवार में पुताई करने का कुल ख़र्च क्या होगा?

**359** L-3

पूजा के पास कुल 100 टॉफ़ियाँ हैं। वह चाहती है कि लाइन में खड़ा हर बच्चा पहले वाले बच्चे से एक टॉफ़ी ज़्यादा ले। पहला बच्चा एक ही टॉफ़ी लेता है। क्या आप बता सकते हैं कि ऐसा करने के लिए लाइन में ज़्यादा से ज़्यादा कितने बच्चे हो सकते हैं?

# गणित के शाब्दिक सवाल

**354** L-3

मुकेश ने बाज़ार से 23 रुपये 75 पैसे के मोजे, 175 रुपये की घड़ी और 90 रुपये 50 पैसे का चश्मा ख़रीदा। बताएँ, मुकेश ने कितने रुपये ख़र्च किए?

**352** L-3

अकबर से पास 200 रुपये हैं। उसे और कितने रुपये मिल जाए कि उसके पास 8990 रुपये हो जाए।

**350** L-3

एक ड्रम में 1000 लीटर पानी आता है। ऐसे ही 58 ड्रम में कितने लीटर पानी आ सकता है?

**360** L-3

एक आयताकार बग़ीचे की लम्बाई 18 मीटर है। उस बग़ीचे का क्षेत्रफल 1800 वर्ग मीटर है। बताएँ, उस बग़ीचे की चौड़ाई क्या होगी?

**358** L-3

मैं हर महीने बैंक में 4500 रुपये जमा कराकर 2000 रुपये निकाल लेता हूँ। बताएँ, 12 महीने में बैंक में कितने रुपये जमा कर पाउँगा?

**356** L-3

रीमा ने साढ़े तीन किलो अंगूर ख़रीदे। यदि एक किलो अंगूर की क़ीमत 80 रुपये है तो बताएँ, रीमा को कितने रुपये दुकानदार को देने होंगे?



राज्य परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान एवम् राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान
डी.पी.ई.पी. भवन, शिक्षा निदेशालय, लालपानी, शिमला - 171 001 ( हि.प्र. )
ई-मेलः spdssahp@gmail.com